वार्षिक परिपत्र

HS-CIT" Haryana State- Certificate in Information Technology

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड तथा हरियाणा नॉलेज कार्पोरेशन लिमिटेड (HKCL) द्वारा संयुक्त रूप से I.T. Literacy के लिए नए कोर्स "HS-CIT" Haryana State- Certificate in Information Technology की शुरूआत की गई है। राज्य सरकार के पत्र क्रमांक 42/1642008/03 GS-2 दिनांक 11-10-2013 के अनुसार इस कोर्स को उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को I.T संबंध में SETC टैस्ट उत्तीर्ण करने की आवश्यकता नहीं होगी। पत्र के अनुसार :

The State Government vide Government Resolution No. 42/1642008/-3GS-2 dated October, 11, 2013 ("The GR") exempted candidates from appearing for SETC in case they pass HS-CIT and considered it as a standard IT Literacy Course in the State for attaining basic knowledge of application of information Technology."

कोर्स की अवधि तीन महीने की होगी व इच्छुक अभ्यर्थियों को Authorised Learning Center में अपना पंजीकरण करवाना होगा। कोर्स के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी HKCL की वैबसाइट www.bseh.org.in पर उपलब्ध है। कोर्स की समाप्ति उपरान्त सफल अभ्यर्थियों को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड तथा HKCL द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा ।

विद्यालयों में प्रदान की जाने वाली शिक्षा ऐसी हो कि हमारे छात्र मात्र मानव के प्रति नहीं अपितु पशु–पक्षियों के प्रति भी उदार बनें, उनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण आचरण सीखें। इस दृष्टि से कम्पैशनेट सिटीजन ने एक मुफ्त वीडियो फिल्म व अन्य सामग्री तैयार की है। अध्यापकों व छात्रों में इस प्रकार के भाव प्रसार के लिए कम्पैशनेट सिटीजन की सामग्री प्राप्ति हेतु आप निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते हैं :

कम्पैशनेट सिटीजन, पी.ओ. बॉक्स - 18284, **जुहू, मुम्बई**-400049
www.compassionatecitizen.org